# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्र./आई.डी.एस.पी./2020/105 भोपाल, दिनांक 12/02/2020

प्रति,

**समस्त क्षेत्रीय संचालक**
संभागीय स्वास्थ्य सेवाऐं
मध्यप्रदेश

**विषय :– नोवल कोराना वायरस 2019 (COVID-2019) बीमारी के संबंध में।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि हाल ही में चीन के हुबई राज्य के वुहान शहर में एक नये प्रकार का कोरोना वायरस (Novel corona virus **COVID-2019**) से निमोनिया के प्रकरण पाये गये है। आज दिनांक 31.01.2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसे Public Health Emergency of International Concern घोषित किया गया है। कोरोना वायरस फैमिली के वायरस से सामान्य सर्दी–खांसी, MERS व SARS जैसी गंभीर बीमारियां होती है। यह बीमारी खांसने–छिकने, छुने व सम्पर्क करने से मनुष्य से मनुष्य में फैलती है।

Noval Corona Virus (**COVID-2019**) बीमारी से चीन ज्यादा और 25 अन्य देश संक्रमित है। अतः जरूरी है कि प्रभावित देशों से आने वाले विदेशी पर्यटक/यात्रियों जो होटलों में ठहरते है, उनका इस बीमारी की जांच हेतु सतत् निगरानी और ब्लड टेस्टींग की जानी है, जिससे संभावित मरीजों का पता लगाया जा सके।

अतः आप अपने अधीनस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निम्नानुसार निर्देश देवे :–

- Noval Corona Virus (**COVID-2019**) बीमारी के संबंध में सतत् निगरानी रखी जावे तथा होटलों एवं प्राईवेट होटल असोसीएशन के अंतर्गत आने वाले सभी होटलो को इस बीमारी के लक्षण व बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जावे।
- N-95, पी.पी.ई किट्स, वी.टी.एम. किट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- आईसोलेशन वार्ड (2 से 6) बनाए, Infection prevention control guideline का अस्पतालों में पालन करें।

निरंतर.....

- नोवेल कोरोना वायरस बीमारी की जानकारी आमजन को प्रचार–प्रसार के माध्यम से दी जावें।

प्रभावित देशों से आ रहे यात्रियों की जानकारी प्रदाय किये गये प्रपत्रों में राज्य सर्विलेन्स इकाई के ईमेल idspssu@mp.gov.in पर प्रतिदिन भेजें।

**(डॉ.वीणा सिन्हा)**
अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

**पृ.क्र./आई.डी.एस.पी./2020/** **भोपाल, दिनांक......................**

**प्रतिलिपिः– कृपया सूचनार्थ एवं पालनार्थ।**

1. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र.।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, सतपुडा भवन भोपाल, म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
4. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
5. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, म.प्र.।
6. समस्त जिला सर्विलेन्स अधिकारी/एपिडिमियोलॉजिस्ट म.प्र.।

अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.